आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

20.08.2024 समय : 1850

- सर्वोच्च न्यायालय ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय कार्यबल गठित किया है।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्पतालों में सुरक्षा बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार के अस्पतालों और संस्थानों के सभी प्रमुखों को पत्र लिखा है।
- लिटिल अंडमान के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आर के पुर में डायलिसिस इकाई स्थापित किया गया है।
- दक्षिण अंडमान ज़िले के लिए व्यापक ज़िला पर्यावरण योजना तैयार किया गया है।
- कीर्ति कार्यक्रम के अंतर्गत द्वीपसमूह में भी भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान के लिए परीक्षण किया जा रहा है।

<><><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय कार्यबल गठित किया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चन्द्रचूड के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने कोलकाता के अस्पताल में एक डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले की सुनवाई के दौरान कार्यबल से तीन सप्ताह के भीतर अपनी अंतरिम और दो महीने के भीतर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायधीश ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अदालत देशभर से डॉक्टरों का एक राष्ट्रीय कार्यबल सृजित कर रही है। ये कार्यबल ऐसे दिशा–निर्देशों की सिफारिश करेगा, जो पूरे देश में लागू होंगे। देशभर के डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मियों के असुरक्षित कामकाजी माहौल पर चिन्ता व्यक्त करते हुए न्यायालय ने कहा कि वर्तमान कानून डॉक्टरों की सांस्थानिक सुरक्षा को सही प्रकार से व्यक्त नहीं करते हैं। न्यायालय ने ये भी कहा कि उसने वर्गीकृत मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए कोलकाता के आरजी कर मेडिकल अस्पताल में एक डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। न्यायालय ने कहा कि देश जमीनी बदलाव के लिए एक और दुष्कर्म तथा हत्या का इंतजार नहीं कर सकता।

<><><><><><><>

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्पतालों में सुरक्षा बढाने के लिए केंद्र सरकार के अस्पतालों और संस्थानों के सभी प्रमुखों को पत्र लिखा है। इस पत्र में मंत्रालय ने प्रवेश, निकासी, गलियारे, तथा संवदेनशील क्षेत्रों सहित प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं। आपात स्थितियों में तत्काल कार्रवाई के लिए एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित करने को कहा गया है। पत्र में यह भी कहा गया है कि उचित निगरानी, गश्ती और अस्पताल परिसरों की निगरानी के लिए पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड की तैनाती की जानी चाहिए। मंत्रालय ने बताया कि अधिकृत कर्मचारियों को प्रवेश और निकास द्वार पर कड़ी निगरानी के बाद अनुमति दी जानी चाहिए। ड्यूटी के दौरान अस्पताल के सभी कर्मचारियों के लिए पहचान पत्र दिखाए जाने को अनिवार्य किया जाना चाहिए। सभी अस्पतालों को परिसरों में स्वास्थ्य सेवा कर्मचारियों के विरूद्ध हिंसा रोकने के लिए राज्यों को सजा का प्रावधान करने को भी कहा गया है। महिला स्वास्थ्य सेवा कर्मियों के कार्यक्षेत्रों, पार्किंग क्षेत्र और प्रवेश द्वार पर प्रकाश की उचित व्यवस्था की जानी चाहिए। बुनियादी सुविधाओं के साथ पर्याप्त संख्या में सुरक्षित ड्यूटी कक्ष महिला स्वास्थ्य कर्मियों को दिया जाना चाहिए। रात में दो महिला स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती करने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

<><><><><><><>

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो—सी बी आई ने कथित तौर पर उसके कार्यालय से कोलकाता में आर.जी. कर अस्पताल में एक डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या की जांच से संबंधित सोशल मीडिया पर प्रसारित एक फर्जी पत्र के बारे में लोगों को आगाह किया है। सीबीआई ने पत्र और उसकी सामग्री को फर्जी बताया है। इसमें एक सीबीआई अधिकारी के नाम का उल्लेख है, जो मामले की जांच वापस लेने की मांग कर रहा है। एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि सीबीआई में ऐसा कोई अधिकारी काम नहीं करता है और लोगों से इस पत्र के झांसे में न आने का आग्रह किया है।

<><><><><><><>

लिटिल अंडमान के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आर के पुर में डायलिसिस इकाई स्थापित किया गया है। मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने आज इसका वर्चुअल रूप से उद्‌घाटन किया। लिटिल अंडमान के प्रमुख परमानाथन ने बताया कि क्षेत्र में ये पहली डायलिसिस इकाई है और इससे अब बीस से अधिक मरीजों को डायलिसिस के लिए पोर्ट ब्लेयर जाने की आवश्यकता नहीं होगी और वे अपने गांव में ही रहकर इस सुविधा का लाभ उठा पाएंगे।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िले के लिए व्यापक जिला पर्यावरण योजना तैयार किया गया है। ज़िला उपायुक्त ने इस योजना को जारी करते हुए कहा कि इसे इस तरह तैयार किया गया है, जिससे क्षेत्र में पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जा सके। ये योजना गहन शोध और सामुदायिक भागीदारी का नतीजा है, जो ज़िले को पारिमैत्री बनाने में सहयोग देगा। दक्षिण अंडमान ज़िले में पर्यावरणीय चुनौतियों को सुलझाने में भी योजना कारगर होगा। इसमें संरक्षण, कचरा प्रबंधन, जलवायु और वहनीय विकास के लिए बातें रखी गई है। स्थानीय सरकारी अधिकारियों, पर्यावरणीय विशेषज्ञों, हितधारकों के सामूहिक प्रयासों से ज़िले की प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित करने में सहयोग मिलेगा और इससे लोगों के जीवन में भी सुधार आएगा।

<><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग मध्योत्तर अंडमान ज़िले में घर के पिछवाड़े सुअर पालन को लोकप्रिय बनाने का प्रयास कर रहा है। विभाग की ओर से वेबी में सरकारी फार्म भी चलाया जा रहा है। इससे ज़िले के किसानों की पशुधन की आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सके। पिछले वित्त वर्ष के दौरान विभाग की ओर से ज़िले के किसानों को डेढ़ सौ से अधिक बाल सुकरों का वितरण किया गया। इसके अलावा चारा प्रबंधन पर नियमित आधार पर अल्पावधि वैज्ञानिक तरीके से प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इच्छुक किसानों से इस संबंध में अपने नजदीकी पशु चिकित्सालयों से संपर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

मीठे पानी में मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए मत्स्य विभाग की ओर से स्थानीय रूप से उपलब्ध मछली के चारे का वितरण किया गया। मानसून सत्र में विभाग द्वारा रंगत, टुगापुर, मायाबंदर में प्रजनन कार्यक्रम आयोजित कर चारे का वितरण किया गया। मध्योत्तर अंडमान जिले में मीठे पानी में मछली पालन को प्राथमिकता के आधार पर बढ़ावा देने के लिए करीब बीस गांव में मत्स्य बीज का वितरण किया गया। इस अवसर पर विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. के गोपाल ने इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों से हैचरी का निर्माण करने का भी अनुरोध किया। सहायक निदेशक तपन कुमार बिश्वास ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत सरकार की ओर से महिला लाभार्थियों को पन्द्रह लाख और सामान्य लाभार्थियों को दस लाख रूपये तक की वित्तीय सहयोग प्रदान किया जाता है। उन्होंने डिगलीपुर में स्थापित मत्स्य हैचरी की सफलता की भी जानकारी दी।

<><><><><><><>

खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत सरकार की कीर्ति कार्यक्रम के अंतर्गत द्वीपसमूह में भी भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान के लिए परीक्षण किया जा रहा है। अब तक दस से अट्ठारह वर्ष आयु वर्ग के ढाई हजार से अधिक बच्चों का शारीरिक परीक्षण किया जा चुका है। कीर्ति कार्यक्रम का उद्घाटन कल सुबह साढ़े नौ बजे नेवी चिल्ड्रन स्कूल में होगा, जो तेईस अगस्त तक चलेगा। साई की प्रभारी सहायक निदेशक देबास्मिता बाल ने उम्मीद जताई कि इस प्रतिभावान पहचान कार्यक्रम से द्वीपसमूह से कई प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान होगी।

<><><><><><><>

पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के सिलसिले में कल गांधी भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश पार्टी अध्यक्ष रंगलाल हलदार और प्रचार समिति के अध्यक्ष टी एस जी भास्कर ने राष्ट्र के विकास में स्वर्गीय राजीव गांधी की योगदान की चर्चा की।

<><><><><><><>

आकाशवाणी के पोर्ट ब्लेयर केन्द्र में कल राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर अंतरिक्ष से जुड़े विभिन्न विषयों पर वक्ता अपने विचार व्यक्त करेंगे। कार्यक्रम कल सुबह ग्यारह बजे से आकाशवाणी परिसर में आरंभ होगा।

<><><><><><><>